CTET 2011 Level-I

भाग-II : सामाजिक अध्ययन/विज्ञान

31. निम्नलिखित में से कौन-सा 'बाजार' शब्दावली की व्याख्या करता है ?

(अ) एक दुकान जहाँ उद्योगपति द्वारा निर्मित वस्तुएँ बेची जाती है

(ब) एक उद्योग द्वारा उत्पादित एक खास किस्म की वस्तु का सम्भावी व्यापार

(स) एक मॉल जो उत्पाद बेचता है

(द) एक स्थानीय जगह जहाँ उद्योग स्थापित करने की अनुकुलित/प्रेरक स्थितियाँ होतीहै

(द)

(द) बाजार के अन्तर्गत ऐसे स्थानीय जगह को सम्मिलित किया जाता है, जहाँ उद्योग स्थापित करने के अनुकुलित/प्रेरक स्थितियाँ होती हैं।

32. निम्नलिखित में से कौन-सी प्राथमिक आर्थिक गतिविधि नहीं है?

(अ) कृषि (ब) व्यापार

(स) मछली पालन (द) खनन (ब)

(ब) कृषि, मछली पालन एवं खनन प्राथमिक आर्थिक गतिविधियाँ है।

33. PHC का क्या अर्थ है?

(अ) पब्लिक हेल्थ कोर्ट (ब) पब्लिक हेल्थ सेन्टर

(स) पब्लिक हेल्थ कॉर्पोरेशन (द) प्राइवेट हेल्थ सेन्टर (ब)

(ब) PHC का अर्थ है- पब्लिक हेल्थ सेन्टर अर्थात् जन स्वास्थ्य केन्द्र।

34. यदि जून में लन्दन में सुबह 10:00 बजे हैं, तो भारतीय मानक समय होगा दोपहर

(अ) 3:00 बजे (ब) 3:30 बजे

(स) 2:00 बजे (द) 2:30 बजे (ब)

(ब) भारतीस समय ग्रीनवीच टाईम से 5:30 घण्टा आगे है। इसलिए जब लन्दन में सुबह के 10:00 बज रहे हों, तो उस समय भारतीय मानक समय दोपहर 3:30 होगा।

निर्देश- (प्र. सं. 35-36) नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़ने के उपरान्त अगले दो प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।

''उन्नीसवीं सदी के आखिर तक खुद महिलाएँ भी सुधारों लिए बढ़-चढ़ कर प्रयास करने लगी थीं। उन्होंने किताबें लिखीं, पत्रिकाएँ निकालीं, स्कूल और प्रशिक्षण केन्द्र खोले तथा महिलाओं को संगठित किया। बीसवीं सदी की शुरूआत से वे महिलाओं को अधिकार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ और शिक्षा के अधिकार के बारे में कानून बनवाने के लिए राजनीतिक दबाव समूह बनाने लगी थीं। सभी समुदायों से महिलाओं ने 1920 के दशक के बाद विभिन्न प्रकार के राष्ट्रवादी और समाजवादी आन्दोलन में हिस्सा भी लिया।

बीसवीं शताब्दी में, जवाहरलाल नेहरू और सुभाषचन्द्र बोस जैसे नेताओं ने महिलाओं के लिए और अधिक स्वतन्त्रता व समानता की माँगों का समर्थन किया। राष्टवादी नेताओं ने आश्वसन दिया कि स्वतन्त्रता मिलने पर सभी पुरुषों व महिलाओं को वोट डालने का अधिकार दे दिया जाएगा।परन्तु उनका आह्वान था कि जब तक स्वतन्त्रता नहीं मिल जाती तब तक महिलाओं को अंग्रेजी राज विरोधी संघर्ष में ही जोर लगाना चाहिए।''

35. महिलाओं के अधिकारों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन दिए गए अनुच्छेद के आधार पर गलत है?

(अ) स्वतन्त्रता-संघर्ष से जुड़ने के लिए सभी समुदायों से अनेक महिलाएँ आगे आई

(ब) महिलाओं को राष्ट्रवादी नेताओं का समर्थन प्राप्त हुआ

(स) महिलाओं के लेखन को सराहा नहीं गया

(द) अब महिलाओं ने अपने राजनीतिक अधिकारों सहित अपने अधिकारों की माँग के लिए आवाज उठाई (स)

(स) दिए गए अनुच्छेद के आधार पर महिलाओं के अधिकार के सम्बन्ध में यह बात गलत हैं कि महिलाओं के लेखन को सराहा नहीं गया।

36. भारत के राष्ट्रय आन्दोलनों के नेताओं द्वारा प्रयुक्त रणनीति से सम्बन्धित ऊपर दिए गए सारांश के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे बेहतर निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

(अ) स्त्रियों और पुरुषों को 'लेन-देन' की नीति का अनुपालन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया

(ब) भाररतीय महिलाएँ अपने भाषणों द्वारा अनके लोगों को आन्दोलन में शामिल कर सकती थीं

(स) राष्ट्रवादी नेताओं ने महिलाओं को उनके अधिकार दिलवाने के लिए समर्थन माँगा और वादा किया कि स्वतन्त्रता के बाद उन्हें वोट देने का अधिकार दिलवाएँगे

(द) स्त्रियों की भागीदारिता स्वतन्त्रता-संघर्ष को और अधिक आकर्षक बनाएगी (स)

(स) दिए गए सारांश के आधार पर भारत के राष्ट्रीय आन्दोलनों के नतीजों द्वारा प्रयुक्त रणनीति से सम्बन्धित यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि राष्ट्रवादी नेताओं ने महिलाओं को उनके अधिकार दिलवाने के लिए समर्थन माँगा और वादा किया कि स्वतन्त्रता के बाद उन्हें वोट दिलवाने का अधिकार दिलाएँगे।

37. संरचना और व्यवहार की वह प्रणाली जिसमें पुरुष स्त्री पर अपनी प्रधानता दिखाता है, उसे उत्पीड़ित और शोषित करता है.....कहलाती है।

(अ) फासीवादी (ब) राजतन्त्र

(स) पितृ सत्तात्मक (द) पदानुक्रमिक (स)

(स) संरचना और व्यवहार की यह प्रणाली जिसमें पुरुष स्त्री पर अपनी प्रधानता दिखाता है, उसे उत्पीड़ित और शोषित करता है, पितृ सत्तात्मक प्रणाली कहलाती है।

38. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'प्रशस्ति' के बारे में गलत है?

(अ) राजा की प्रशंसा करने तथा उनका संरक्षण पाने के उद्देश्य से ये ज्ञानी/कवि/विद्वान व्यक्ति द्वारा लिखी जाती थीं

(ब) प्राय: राजा इन्हें स्वयं लिखा करते थे

(स) ये जिस काल से सम्बन्धित हैं उस काल के इतिहास के मूल्यवान स्त्रोत हैं

(द) 'प्रशस्ति' में शासक या राजा की उपलब्धियों का वर्णन किया जाता था (ब)

(ब) प्रशस्ति-पत्र राजा की प्रशंसा करने तथा उनका संरक्षण पाने के उद्देश्य से ज्ञानी/कवि/विद्वान व्यक्तियों द्वारा लिखा जाता था। इसमें शासक या राजा की उपलब्धियों का वर्णन किया जाता था इसे राजा स्वयं नहीं लिखते थे।

39. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सामाजिक विज्ञापन का उद्देश्य नहीं है?

(अ) सामाजिक तन्त्रों और सामाजिक समूहों को लक्ष्य बनाना

(ब) व्यक्तिगत वाणिज्यिक लाभ के लिए सामाजिक तन्त्रजाल वाली साइटों (Sites) पर उत्पादों का विज्ञापन देना

(स) जन साधारण के सदस्यों को ऐच्छिक सामाजिक गतिविधियों में व्यस्त रहने हेतु अभिप्रेरित करना

(द) चूँकि व्यक्ति अन्य व्यक्तियों को प्रभावित करते है इसलिए उनकी अभिवृत्ति और मानसिक धारणा को बदलना (ब)

(ब) समाज में जागरूकता फैलाने, उसे शिक्षित करने सम्बन्धी विज्ञापन सामाजिक विज्ञापन की श्रेणी में आते हैं। किन्तु व्यक्तिगत वाणिज्यिक लाभ के उद्देश्य हेतु सामाजिक तन्त्रजाल वाली साइटों पर उत्पादों का विज्ञापन सामाजिक विज्ञापन का हिस्सा नहीं होते।

40. 19वीं शताब्दी के दौरान किस विकास ने बड़े पैमाने पर सामाजिक रीति-रिवाज और व्यवहार के बारे में वाद-विवाद तथा चर्चाओं को सुगत बनाया?

(अ) रंगमंच (ब) चलचित्र

(स) रेडियो (द) पत्रिकाएँ (द)

(द) 19वीं शताब्दी के दौरान पत्र-पत्रिकाओं के विकास ने सामाजिक रीति-रिवाज और व्यवहार के बाद वाद-विवाद तथा चर्चाओं को सुगम बनाया था।

41. बंगाल में,.....प्राय: उन व्यक्तियों अथवा समूहों द्वारा मन्दिरों और अन्य धार्मिक भवनों का निर्माण करवाया गया जो शक्तिशाली बन रहे थे।

(अ) समाज में अद्भुत वास्तुकलाका प्रदर्शन करने के लिए

(ब) परिवेश का महत्त्व बढ़ाने के लिए

(स) अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए, अपनी धर्मपरायणता घोषित करने तथा अनुयायी बनाने के लिए

(द) यह सुनिश्चत करने के लिए कि उन्होंने अच्छे 'कर्म' किए हैं (स)

(स) ऐसे व्यक्ति अथवा समूह जो बंगाल में मन्दिरों और अन्य धार्मिक भवनों का निर्माण करवा रहे थे, वे यह सब अपनी शक्ति का प्रदर्शन, अपनी धर्मपरायणता घोषित करने एवं अनुयायी बनाने के लिएकर रहे थे।

42. राजा राम मोहन राय जैसे समाज सुधारक स्त्रियों के विरुद्ध प्रचलित सामाजिक अन्याय (जैसे सती होना) के बारे में प्रचार-प्रसार के लिए निम्नलिखित में से किस युक्ति का प्रयोग करते थे?

(अ) वे सरकार के प्रभाव का प्रयोग करते थे

(ब) अपनी सोच को सिद्ध करने के लिए प्राचीन धार्मिक पाठों में से श्लोक या वाक्य का प्रयोग करते थे

(स) वे लोकप्रिय राष्ट्रवादी नेताओं की सहायता लेते थे

(द) वे लोकप्रिय राष्ट्रवादी वातावरण की सहायता लेते थे (ब)

43. निम्नलिखित का मिलान कीजिए और सही विकल्प चुनिए

A. कृषि	(I) अंगूरों की खेती
B. उद्यान कृषि	(II) फसल उगाना और खेती करना
C. मत्स्य पालन	(III) फूल, फल और सब्जियाँ उगाना
D. द्राक्षा कृषि	(IV) मछली पालना

	A	B	C	D
(अ)	II	III	IV	I
(ब)	III	II	I	IV
(स)	II	IV	III	I
(द)	I	IV	II	III

(अ)

44. ज्यादातर 'महाजनपदों' की मजबूत किलेबन्दी थी, क्योंकि

(अ) वे इनकी समृद्धि और शक्ति को प्रदर्शित करते थे

(ब) शासकों को आक्रमण का भय था और वे स्वयं की रक्षा को सुनिश्चित करना चाहते थे

(स) ये उनके 'समृद्ध' योद्धा परम्पराओं के प्रतीक थे

(द) इनके आस-पास लकड़ी, ईटों या पत्थरों की उपलब्धि थी (ब)

45. उद्योगपति उद्योग स्थापित करते है जब

(अ) वे अनुकल सरकारी नीतियाँ पाते है

(ब) कस्बे विकसित हो सकें

(स) सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए, प्रोत्साहन (Incentives) से उनका लाभ कम हो

(द) वे अपनें मूल स्थान को विकसित कर सकें (अ)

46. लगभग 3900 वर्ष पूर्व, आरम्भिक नगर हड़प्पा और मोहनजोदड़ो, कई कारणों से समाप्ति की कगार पर आने लगे। निम्नलिखित में से कौन-सा उन कारणों में से एक कारण नहीं हैं?

(अ) जंगलों के विनाश और बाढ़ के काण नगर नष्ट हुए

(ब) मवेशियों के बड़े-बड़े झुण्डों द्वारा चारागाह और घास वाले मैदानों को चराने से मृदा आवरण नष्ट हो गया

(स) नदियाँ सूख गई जिसके कारण नगर समाप्त हुए

(द) नगरों के बीच आपसी प्रतिद्वन्द्विता और लड़ाई (ब)

47. ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत स्थानान्तरीय कृषकों को कौन-सी समस्याओं का समान करना पड़ा?

(अ) उनके कृषि-उत्पादन में गिरावट आई

(ब) उनकी गतिविधि प्रतिबन्धित हो गई थी

(स) बेरोजगारी

(द) शोषण (ब)

48. मध्यकालीन भारत में मन्दिरों को.....के केन्द्र के रूप में माना जाता था।

(अ) सांस्कृतिक गतिविधियों (ब) बड़े पैमाने पर विदेशी व्यापार

(स) सूफी आन्दोलन (द) वास्तुकला (अ)

49. गज़नी में सुलतान महमूद द्वारा सोमनाथ मन्दिर को नष्ट करने के पीछे कौन-सा मुख्य कारण था?

(अ) उसे मन्दिर की वास्तुकला पसन्द नहीं थी

(ब) उसने इस्लाम के महान नायक के रूप में श्रेय लेने की कोशिश की

(स) वह किसी अन्य उद्देश्य के लिए मन्दिर का प्रयोग करना चाहता था

(द) वह वहाँ एक महल बनाना चाहता था (ब)

50. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'प्राचीन हस्तलिपि' के सन्दर्भ में सही नहीं हैं?

(अ) वे प्राय: ताड़-पत्रों पर लिखी हुई थीं

(ब) वे जिस काल को प्रदर्शित करती हैं उस काल का मुख्य स्त्रोत है

(स) वे हस्तलिखित थीं और उसके बाद मुद्रित की गई थीं

(द) कुछ हस्तलिपियाँ पत्थर या धातु पर उकेरी गई थीं (ब)

निर्देश (प्र.सं. 51-53) नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़ने के उपरान्त अगले तीन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।

एक चिठ्ठी आपके नाम

''शायद आपने अपने छात्र-छात्राओं या बच्चों को कहते सुना होगा कि 'नागरिकशास्त्र बड़ा बोरिंग है।' हो सकता है कि आपको भी लगता हो कि बात में दम है। अपने देश में नागरिकशास्त्र के पाठ्यक्रम में शासन की औपचारिक राजनीतिक संस्थाओं की जानकारी पर जोर रहा है। पाठ्य-पुस्तकों में संवैधानिक, कानूनी पेचीदगियों के नीरस और उबाऊ ब्यौरे भरे रहते है। ज़ाहिर है, ऐसे में बच्चा जो कुछ अपने वास्तविक जीवन में देखता है और जो बातें किताबों में पढ़ता है, उनके बीच **तालमेल नहीं बैठा पाता।** शायद इसी कारण हमारे किशोर-किशोरियों को नागरिकशास्त्र की पढ़ाई 'बोरिंग' लगती है जबकि वास्तव में स्थिति यह है कि हमारे देश के नागरिकों की राजनीति में भागीदारी और रुचि बहुत गहरी है।''

51. इस अनुच्छेद में '**तालमेल नहीं बैठा पाता**' वाक्याशं किस सन्दर्भ में प्रयुक्त हुआ है?

(अ) वास्तविक जीवन मे क्या होता है और पाठ्य-पुस्तकों में वे क्या पढ़ते हैं- बच्चे इनमें सम्बन्ध नहीं जोड़ पाते

(ब) यह इससे सम्बन्धि है कि नागरिकशास्त्र की पाठ्य-पुस्तकें किस प्रकार लिखीं और प्रयोग में लाई जाती है

(स)सामान्यत: विद्यायली शिक्षा और विशेष रूप से नागरिकशास्त्र के प्रति विद्यार्थियों की अभिवृत्ति से सम्बद्ध है

(द) विद्यालयों में नागरिकशास्त्र का शिक्षण नीरस है (अ)

52. नागरिकशास्त्र की पाठ्य-पुस्तकों में विषय-वस्तु की 'नीरस' और उबाऊ प्रस्तुति को शिक्षक.....के द्वारा जीवन्त बना सकता है।

(अ) अमूर्त पक्षों पर काम महत्त्व देने

(ब) नीरस अवधारणाओं की विस्तृत और स्पष्ट व्याख्या

(स) कठिन अवधारणाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए लघु परीक्षाओं की सहायता

(द) वास्तविक जीवन के उदाहरण और किस्सों पर वाद-विवाद और चर्चा (द)

53. नागरिकशास्त्र के पाठ्यक्रमों को कक्षा में समपादित करने के लिए सबसे बेहतर शिक्षा-शास्त्रीय अभ्यास को निम्नलिखित में से कौन-सा दर्शाता है?

(अ) शिक्षिका किस्सों और लघु कथाओं से जोड़ते हुए विषय को रोचक बनाती है लेकिन पाठ्य-पुस्तक और व्याख्यान पद्धति में उसका दृढ़ विश्वास है

(ब) शिक्षिका अत्यन्त सतर्कता से पाठ-योजना का पालन करती है और नाट्स बनाने के लिए अनेक सन्दर्भ पुस्तकों का प्रयोग करती है

(स) शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को युवा संसद में शामिल करती है और वास्तविकता में वे क्या देखते है, इनके साथ पाठ्य-पुस्तक में दी गई विषय-वस्तु का आलोचनात्मक विश्लेषण करने के लिए प्रेरित करती है

(द) शिक्षिका समस्त बातों को विस्तार से समझाते हुए नागरिकशास्त्रा की पूरी पाठ्य-पुस्तक पढ़ाती है और विद्यार्थियों को भली प्रकार से तैयार करती है (स)

54. भारत में प्रभावी प्रशासनिक प्रथा विकसित करने के लिए ब्रिटिश सरकार ने निम्नलिखित में से किसे अपनाया?

(अ) सर्वेक्षण करने की प्रथा

(ब) भू-राजस्व संग्रह करने की प्रथा

(स) स्थानीय जनसंख्या का शोषण करने की प्रथा

(द) सैन्य अभिज्ञान (ब)

55. निम्नलिखित आरेख में कौन-सा तीर दक्षिण-पूर्व दिशा को दर्शाता है?



(अ) B (ब) F

(स) H (द) D (द)

56. जल संरक्षण के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(अ) वन अथवा वनस्पति आवरणों के द्वारा भूमिगत जल के स्तर को सुधार जा सकता है

(ब) पृष्ठीय प्रवाह को नियन्त्रित करना जल संरक्षण तरीके में से एक है

(स) स्प्रिक्लर वाष्पीकरण को प्रभावी तरीके से नियन्त्रित करते है

(द) जल अनवीकरणीय संसाधन है (द)

57. एक मानचित्र एक ऐसे पैमाने का प्रयोग करता है जिसमें मानचित्र में 1 सेमी धरती पर 20 मी के बराबर है। यदि मानचित्र पर दो स्थानों के बीच की दूरी 5 सेमी हो, तो उनके बीच की वास्तविक दूरी कितनी होगी?

(अ) 150 मी (ब) 200 मी

(स) 100 मी (द) 20 मी (स)

58. 19वीं शताब्दी के मध्य में, ब्रिटिश इतिहासकारों ने भारत के इतिहास को तीन कालों में बाँटा है- हिन्दू भारत, मुस्लिम भारत और बिटिश भारत। इस विभाजन का क्या आधार है?

(अ) यह इस विचार पर आधारित है कि शासकों का धर्म एक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक परिवर्तन है

(ब) इंग्लैण्ड का इतिहास भी इसी रूप में लिखा गया है

(स) ब्रिटिश लोग समझते थे कि वे इतिहास के उस बिन्दु पर सर्वाधिक ज्ञानवान थे और इसलिए उन्होंने इस विभाजन का प्रयोग किया

(द) यह याद करने में सुविधाजनक और सरल है (अ)

59. 'औद्योगीकरण' को पढाने के लिए चार अलग शिक्षिकाओं द्वारा प्रदर्शित निम्नलिखित शिक्षाशास्त्रीय उपागमों से कौन-सा सबसे उचित है?

(अ) शिक्षिका कक्षा को चुपचाप पूरा पाठ पढ़ने के लिए और यदि उन्हें कुछ समझ नहीं आया तो प्रश्न पूछने के लिए कहती है

(ब) शिक्षिका पाठ्य-पुस्तक की समयातीत महत्ता में विश्वास कहती है और वह प्रत्येक शब्द की व्याख्या करते हुए तथा विद्यार्थियों से बोध प्रश्न पूछते हुए पढ़ाती है

(स) शिक्षिका शिक्षाशास्त्र के बहु-उपागमों से परिचित है और वह अवधारणाओं को प्रदर्शित करने के लिए नज़दीकी क्षेत्र के उद्योग का भ्रमण कराने की योजना बनाती है, समूहों में मुद्दों पर चर्चा और वाद-विवाद करवाती है और बाद मे पूर्ण रूप से उपसंहार करत हुए निष्कर्ष निकालती है

(द) शिक्षिका का विश्वास है कि उसे औद्योगीकरण की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाना चाहिए और कक्षा में प्रचुर मात्रामें सामान लाना चाहिए (स)

60. नील खेती की दो मुख्य प्रणलियाँ थीं

(अ) निज और रैयती (ब) खरीफ और रबी

(स) निज और सीढ़ीनुमा खेती (द) निज और किज (अ)

निर्देश (प्र.सं. 61-62) नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़ने के उपरान्त अगले दो प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए

''सामाजिक विज्ञान के बारे में यह आम धारणा है कि यह एक अनुपयोगी विषय है। इसके परिणामस्वरूप निम्न स्वाभिमान कक्षा-सम्पादन को प्रभावित करता है, इसकी विषय-वस्तु को समझने में शिक्षक और विद्यार्थी दोनों में ही रुचि नहीं होती। विद्यालयी चरणों के आरम्भ से ही प्राय: विद्यार्थियों को यह सुझाव दिया जाता है कि प्राकृतिक विज्ञान सामाजिक विज्ञानों की अपेक्षा श्रेष्ठ है।''

61. निम्नलिखित में से कौन-सा उपरोक्त सारांश के सार को सबसे बेहतर तरीके से सम्प्रेषित करता है?

(अ) प्राकृतिक विज्ञानों को विद्यालयी पाठ्यचर्या में महत्त्व देने की आवश्यकता है

(ब) जो विद्यार्थी प्राकृतिक विज्ञानों में अच्छे समझे जाते है उन्हें होशियार माना जाता है

(स) चूँकि सामाजिक विज्ञान अनुपयोगी विषय है इसलिए वे प्राकृतिक विज्ञानों से हीन है

(द) जिस तरह से विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान पढ़ाया जाता है, वह उन्हें सामाजिक विज्ञान को गम्भीरता से लेने में उत्साही नहीं बनाता (द)

62. उपरोक्त सारांश में प्रयुक्त 'अनुपयोगी विषय' का सन्दर्भ क्या है?

(अ) सामाजिक विज्ञान का अध्ययन करने से अच्छा पैसा देने वाली नौकरियाँ और भौतिक सम्पदा प्राप्त नहीं होगी

(ब) सामाजिक विज्ञान एक विषय है जो इसकी उपयोगिता के लिए नहीं सीखा जाता

(स) सामाजिक विज्ञान एक नीरस और कठिन विषय है जिसका शिक्षकों या शिक्षार्थियों के लिए कोई उपयोग नहीं है

(द) सामाजिक विज्ञान के पास मानव सभ्यता में सुधार के लिए कुछ नहीं है (अ)

63. आप कक्षा-VIII में विद्यार्थियों को 'विविधता में एकता' पढ़ा रहे है। आप विद्यार्थियों को प्रभावी तरीके से अवधारणा समझाने के लिए निम्नलिखित में से किस गतिविधि को करेंग?

(अ) विद्यालय के समीप हाइड्रो-इलैक्ट्रिक परियोजना का मॉडल बनाना

(ब) पाठ को अच्छी तरह से पढ़ा देने के बाद परीक्षा लेना

(स) हमारे देश के नृत्य के विभिन्न प्रकारों पर फीचर प्रस्तुत करना और उनमें निहित समानताओं तथा अन्तरों का मूल्यांकन करना

(द) भारत के राज्यों के बीच 'नदी विवादों' पर निबन्ध लिखना (स)

64. एन.सी.ई.आर.टी. की 'सामाजिक और राजनैतिक जीवन' पाठ्य-पुस्तकों का उपागम है

(अ) पाठ की तथ्यात्मक विषय-वस्तु पर शिक्षार्थियों का ध्यान आकर्षित करना

(ब) अवधारणाओं का उपसंहार करने के लिए परिभाषाओं को प्रयोग करना

(स) अवधारणओं को स्पष्ट करने के लिए केस अध्ययनों और कक्षाओं का प्रयोग करना

(द) शिक्षार्थी को प्रश्न का एक सही उत्तर देना (स)

65. निम्नलिखित में से कौन-सा उच्च ज्वार के कारण होने वाला लाभ नहीं है?

(अ) इनसे विद्युत उत्पन्न की जा सकती है

(ब) पर्यटकों को लाने के द्वारा यह स्थानीय अर्थव्यवस्था में सहायक होते है

(स) नौसंचालन सरल होता है

(द) यह मछली पकड़ने में सहायक होते है (अ)

66. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न विद्यार्थियों के आलोचनात्मक (तार्किक) चिन्तन कौशल को विकसित करने में मदद करेगा?

(अ) 'महिलाओं के कार्य पर दोगुणा बोझ' पर टिप्पणी कीजिए

(ब) प्रदूषण को नियन्त्रित करने के लिए सरकार द्वारा किए जाने वाले दो उपायों को लिखिए

(स) भारतीय स्वास्थ्य और भारतीय शिक्षा में सरकार की क्या भूमिका है?

(द) 'सभी संक्रामक रोग जल जनित होते है।' सत्य अथवा असत्य बताइए (अ)

निर्देश (प्र.सं.67-68) नीचे दिए गए केस-अध्ययन को पढ़ने के उपरान्त अगले दो प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए

रश्मि जिन लोगों से पहली बार मिलती है उनसे उनका उपनाम पूछने की उसकी आदत है। उसे भारतीय समाज की वर्ण-व्यवस्था में उस सम्बन्धित व्यक्ति को रखना होता है। जाति

पहचान के बारे में पूछने पर लोगों में बहुत नाराजगी थी हालाँकि उन्होंने प्रकट रूप से इसे अभिव्यक्त नहीं किया। चीजें तब और जटिल हो जाती है जब वह भारत के किसी दूसरे हिस्से या क्षेत्र के व्यक्ति से मिलती है। यदि व्यक्ति अपना उपनाम भी बता देता, वह उसके जाति स्तर के बारे में पता नहीं लगा पाती। 'दुनिया को देखने का रश्मि का यह नजरिया' उसके अनुसार उसके शिक्षण-अधिगम सम्पादन प्रक्रिया को प्रभावित नहीं करता। वह कहती है कि यह उसके प्राथमिक समाजीकरण का एक हिस्सा है और वह इसमें कुछ नहीं कर सकती।

67. रोष/नाराजगी उचित है क्योंकि शिक्षिका की अभिवृत्ति

(अ) विशुद्ध रूप से व्यक्तिगत पूर्वाग्रहों पर आधारित है

(ब) इसका साफ संकेत है कि इसमें पैदा हुई रूढ़िबद्धताएँ गलत नहीं है

(स) सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक असमानताओं को जारी/क़ायम रखती है

(द) समाजीकरण की आवश्यकता को उजागर करती है (स)

68. प्राथमिक समाजीकरण है

(अ) शुरुआती उम्र में परिवार और मित्रों से सीखना

(ब) किशोरवस्था के दौरान समाज से सीखना

(स) याद करना और शिक्षकों का अनुकरण करना

(द) प्राथमिक स्तर पर सामाजिक सम्पर्क (अ)

69. सामाजिक विज्ञान में निदानात्मक परीक्षण शिक्षक को क्या समझने मे सहायता करेगा?

(अ) सामाजिक विज्ञान में विद्यार्थी सीखने सम्बन्धी किन कठिनाईयों का सामना कर रहा है

(ब) पुनरावृत्ति किस प्रकार विद्यार्थी की सहायता करती है

(स) उसके विद्यार्थी कितने बुद्धिमान है

(द) प्रकरण का वह हिस्सा जिसे विद्यार्थी ने कंठस्थ नहीं किया है (अ)

70. खनन को प्राथमिक क्रियाकलाप क्यों कहा जाता है?

(अ) यह मानवीय क्रियाकलापों के सबसे आरम्भिक रूपों में से एक है

(ब) इससे सरकार को बहुत अधिक धन मिलता है

(स) यह कर्मचारियों की सबसे अधिक नियुक्ति करने वाला है

(द) इसमें भूमि के प्राकृतिक संसाधनों से उत्पादन शामिल है (द)

71. ''19वीं शताब्दी के दौरान अधिकरत शिक्षित महिलाओं को स्कूल भेजने के बजाय उनके उदानवादी पिताओं तथा पतियों ने उन्हें स्कूल भेजने की बजाय घर पर पढ़ाया।''

(अ) लड़कियों को घर पर पढ़ाने में पुरुषों को बहुत खुशी होती थी

(ब) लड़कियों को स्कूल पहूँचने के लिए सार्वजिनक स्थानों से गुजरते हुए यात्रा करनी पड़ती थी और उनकी सुरक्षा उनकी चिन्ता थी

(स) उस समय इस बात का डर था कि स्कूल लड़कियों को घरेलू कार्य करने से रोकेगा

(द) लोगों को भय था कि स्कूल लड़कियों को घर से दूर ले जाएँगे (अ)

72. निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज नहीं है?

(अ) भोजन पकाने में इस्तेमाल होने वाला नमक

(ब) गहनों में प्रयुक्त सोना और चाँदी

(स) रोधन के लिए प्रयुक्त अभ्रक

(द) पेन्सिल में विद्यमान ग्रेफाइट (अ)

73. निम्नलिखित में से कौन-सा सामाजिक विज्ञान अनुदेशात्मक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं होनाचाहिए

(अ) तथ्यों का श्रुतलेख (ब) प्रतिपुष्टि तन्त्र

(स) क्रियान्वयन (द) योजना (अ)

74. सामाजिक विज्ञान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(अ) सामाजिक विज्ञान स्वतन्त्रता, विविधता के प्रति सम्मान, आदि जैसे मानवीय मूल्यों का निर्माण एवं विस्तार करता है

(ब) चूकिँ सामाजिक विज्ञान मनुष्यों से सम्बद्ध है, इसलिए उनकी खोज की प्रकृति वैज्ञानिक नहीं है

(स) सामाजिक विज्ञान विश्लेषणात्मक और सृजनात्मक सोच के लिए नींव रखता है

(द) सामाजिक विज्ञान के बारे में ऐतिहासिक, भौगोलिक, आर्थिक और राजनीतिक आयामों से लेकर समाज के विविध सरोकर शामिल होते है (ब)

75. सामाजिक विज्ञान के शिक्षण-अधिगम में भाषा की सार्थकता पर अधिक बल देने की आवश्यकता ज्ञात है।

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उपरोक्त विचार को सम्प्रेषित नहीं करता?

(अ) सामाजिक विज्ञान जैसे तथ्य-उन्मुखी विषय में भाषा की सार्थकता सबसे कम होती है

(ब) सामाजिक विज्ञान की शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के प्रति केवल भाषा-शिक्षक ही न्याय कर सकते है

(स) चूँकि भाषा महत्त्वपूर्ण है अत: सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को सामाजिक विज्ञान की परीक्षाओं में अवबोधन और व्याकरण के प्रश्न शामिल करने चाहिए

(द) भाषा-प्रयोग और अर्थ की प्रभावी समझ सामाजिक विज्ञान अधिगम के संवर्धित करता है (अ)

76. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' के सार को स्पष्ट करता है?

(अ) उत्पादन बढ़ाने और रोजगार पैदा करने में सार्वजनिक और निजी सेक्टर, दोनों महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते है

(ब) अर्थव्यवस्था से प्राप्त लाभ को सार्वजनिक और निजी सेक्टर, दोनों द्वारा समान रूप से बाँटना

(स) देश की अर्थव्यवस्था को नियन्त्रित करने वाले कानून बनाने में केन्द्र और राज्य दोनों सरकारों की सुनवाई होना

(द) आर्थिक विकास के लिए राज्य और केन्द्र, दोनों के द्वारा उत्तरदायित्वों का बँटवारा

(अ)

77. एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को निम्नलिखित अभ्यास देती है

कल्पना कीजिए कि आप खनाबदोश समुदाय के सदस्य है जो हर तीन महिने के उपरान्त अपना रहने का स्थान बदलती है। यह आपके जीवन को किस प्रकार परिवर्तित करेगा?

(अ) यह प्रश्न विद्यार्थियों को कम अहमवादी बनाएगा तथा सार्वभौमिक भाईचारे को बढ़ावा देगा

(ब) यह प्रश्न विद्यार्थियों पर बल देगा कि सामाजिक विज्ञान में मनन से ज्यादा तथ्य महत्त्वपूर्ण होते है

(स) यह प्रश्न विद्यार्थियों को इसमें शामिल अवधारणाओं को बेहतर रूप से समझने के लिए नई परिस्थितियों में स्वयं को रखने में सहायता करेगा

(द) यह प्रश्न यह सिद्ध करेगा कि विद्यार्थी का जीवन उस तरह की स्थितियों में जाने वाले व्यक्तियों की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और आनन्दमय है (स)

78. कक्षा में लैंगिक भूमिका के बारे में चर्चा करते हुए आप किस बात पर बल देंगे?

(अ) चूँकि लड़के आगे जोकर अपने परिवार के लिए धन-अर्जन करेंगे अत: उन्हें विद्यालय जाना चाहिए

(ब) समाज में व्याप्त लैंगिक रूढ़िबद्धता को सार्थक रूप में सम्बोधित करने की आवश्यकता है

(स) घरेलू कामों को उत्पादन कार्य के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए

(द) स्त्री और पुरुषों के लिए भिन्न व्यवसाय है (ब)

79. इनमें से कौन-से प्रश्न विद्यार्थियों में आलोचनात्मक (तार्किक) चिन्तन को विकसित नहीं करेंगे?

(अ) मुक्त-उत्तर वाले प्रश्न (ब) अन्वेषणात्मक (प्रोबिंग) प्रश्न

(स) अभिसारी प्रश्न (द) बन्द-उत्तर वाले प्रश्न (द)

80. अपने ग्रह 'पृथ्वी' के बारे में निम्नलिखित में से क्या नहीं कहा जा सकता?

(अ) यह ध्रुवों के पास थोड़ी चपटी है

(ब) इसके बीच में उभार होता है

(स) इसे 'नीला ग्रह' कहा जाता है

(द) यह पूर्णत: गोल है (द)

81. निम्नलिखित में से कौन-सी स्थलमण्डल की विशेषता नहीं है?

(अ) स्थल-आकृतियाँ महासागर की सतह पर भी पाई जाती है

(ब) इस मण्डल में खनिज सम्पदा भी पाई जाती है

(स) पहाड़, पठार और घटियाँ मिलकर स्थलमण्डल का निर्माण करती है

(द) पृथ्वी का 9% जल स्थलमण्डल में पाया जाता है (द)

82. हालाँकि भारत ने स्वतन्त्र होने के बाद सार्वभौम वयस्क मताधिकार की प्रक्रिया का चयन किया, कुछ मानदण्डों के आधार पर कुछ सम्प्रभू राष्ट्रों में इसे रोक लिया गया। निम्नलिखित में से कौन-सा उन मानदण्डों में से एक नहीं है?

(अ) धर्म (ब) लिंग

(स) सम्पत्ति (द) शिक्षा (स)

83. महासागर का जल तालाब और झील के शान्त जल के विपरीत लगातार गतिमान रहता है। निम्नलिखित में से कौन-सा जल का प्रवाह या गति नहीं है?

(अ) जल चक्र (ब) ज्वार-भाटा

(स) धाराएँ (द) तरंगे (अ)

84. मौखिक इतिहास को लिखने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी स्त्रोत-सामग्री नहीं है?

(अ) सैन्य विद्रोह के बारे में एक ब्रिटिश सैनिक का मौखिक वर्णन

(ब) उस व्यक्ति की स्मृतियाँ जो विभाजन के समय भारत से पाकिस्तान गया था

(स) एक विद्वान जो वर्तमान शिक्षा- व्यवस्था पर बात करता है

(द) उन व्यक्तियों के घटना-वृतान्त जिन्होंने 'भारत छोड़ो आन्दोलन' में हिस्सा लिया था

(स)

85. बच्चों के साथ गतिविधियाँ केवल तभी प्रभावी होती हैं जब

(अ) शिक्षिका उन्हें अपनी'पाठ-योजना' को पूरा करने के लिए करवाती है

(ब) शिक्षिका गतिविधि-आधारित अधिगम के लिए अपने प्रधानाचार्य के आदेश के पूरा करने हेतु दिखावे के लिए करती है

(स) उसका विश्वास है कि गतिविधि-आधारित शिक्षा बच्चों को अवधारणा समझने में मदद करती है

(द) शिक्षिका यह नहीं जानती कि वह यह क्यों कर रही है (स)

86. माध्यमिक विद्यालयों में सामाजिक विज्ञान पढ़ाने के सन्दर्भ में कौन-सा कथन सर्वाधिक अनुचित है?

(अ) सामाजिक विज्ञान पढ़ाना चाहिए क्योंकि यह सामाजिक यथार्थ के बारे में बच्चों को संवेदनशील बनाने में मदद करता है

(ब) सामाजिक विज्ञान पढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि यह सामाजिक मुद्दों पर वाद-विवाद करने और अपने विचार अभिव्यक्त करने में विद्यार्थियों की मदद करता है

(स) सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या का हिस्सा होना चाहिए ताकि शिक्षार्थीग राजाओं के जीवन और उसके बवच हुए युद्धों के बारे में जान सके

(द) सामाजिक विज्ञान पढ़ाना चाहिए क्योंकि यह मानवीय सम्बन्धों की समझ अर्जित करने में मदद करता है (स)

87. स्वतन्त्रता के तुरन्त बाद भारत द्वारा निम्नलिखित में से किस समस्य का सामना नहीं किया गया?

(अ) राजाओं द्वारा शामिल राज्यों को भारतीय संघ में सम्मिलित करने का प्रयास

(ब) आर्थिक विकास

(स) पाकिस्तान से आने वाले शरणार्थी

(द) भारत, पाकिस्तान और ग्रेट ब्रिटेन में समान रूप से सम्पदा और कर्ज का बँटवारा

(द)

88. नीचे दिया गया प्रश्न पाठ के अन्त में 'आओ चर्चा करें' शीर्षक के अन्तर्गत दिया गया है

'आपके विचार में साधारण पुरुष तथा स्त्री अपने कार्यों का विवरण सामान्यतया क्यों नहीं रखते थे?

इस प्रश्न को पूछने की सार्थकता क्या है?

(अ) साधारण स्त्री-पुरुष साधारण जीवन जीते थे। उनके पास ऐसा कुछ महान या महत्त्वपूर्ण/सार्थक नहीं था जिसके बारे में वे लिखते

(ब) यह अच्छा है कि चर्चा प्रारम्भ की जाए और विद्यार्थी अपने तर्क प्रस्तुत करें

(स) वे प्रश्न जिनके तयशुद्ध उत्तर नहीं है उन्हें नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि ये प्रश्न विद्यार्थियों को भ्रमित करेंगे

(द) इस प्रकार के प्रश्न अनुमान लगाने को प्रोत्साहित करते है इसलिए इन्हें नहीं देना चाहिए (ब)

89. लेखकों द्वारा अधिव्यक्त एन.सी.ई.आर.टी. की इतिहास की पाठ्य-पुस्तक के शीर्षक 'हमारे अतीत' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(अ) यह केवल राजाओं और रानियों के समय के बारे में बात नहीं करता

(ब) यह किसान और शिल्पकारों जैसे कई समूहों और समुदायों के योगदान करे बताने की कोशिश है

(स) यह इस विचार पर बल देता है कि भारत का केवल 'एक अतीत' नहीं बल्कि 'अनेक अतीत' है

(द) यह पड़ोसी देशों के अतीत के बारे में है (द)

90. 19वीं शताब्दी के दौरान ज्यादातर लोगों को लगता था कि शिक्षा से स्त्रियाँ 'बिगड़' जाएँगी।

उपरोक्त वाक्य में 'बिगड़' जाना शब्द का सन्दर्भगत अर्थ बताने वाला निम्नलिखित में से कौन-सर कथन है?

(अ) यह उन्हें और अधिक धन देगा

(ब) शिक्षा के कारण उन्हें जो शक्ति मिलती उसके कारण वे अपनी पारम्परिक भूमिकाओं से दूर हो जाती

(स) वे अपवित्र हो जाएँगी

(द) स्त्रियाँ पुरुषों की तुलना में ज्यादा बिगड़ी हुई थी (ब)

❑❑❑

For Indian GK, Rajasthan GK, Subjective Knowledge Educational Psychology, Sanskrit, Hindi etc.

Follow Website → www.gkabhi.in

Subcribe Youtube → www.youtube.com/ekanshstudy

Subcribe Youtube → https://www.youtube.com/c/GKAbhi